**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सियम-4 मिशन आज दोपहर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार मिशन का भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे पहुंचना निर्धारित है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचने के साथ ही ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इस केन्द्र में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन जायेंगे।राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। एक्सियम-4 मिशन में शुभांशु शुक्ला के अलावा अमरीका, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।शुभांशु शुक्ला ने कल यान के टेक ऑफ के कुछ मिनट बाद देश के लिए संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि 41 वर्ष बाद फिर अंतरिक्ष में होना अद्भुत अनुभव है।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि काँग्रेस ने वर्ष 1975 में आपातकाल लगाकर देश में लोकतंत्र की हत्या, न्यायपालिका व प्रैस की आजादी को समाप्त करने का काम किया।उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर पंचकूला स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष पूर्व लाखों लोगों पर अत्याचार कर उन्हें जेलों में बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तब लोकतंत्र की हत्या करने वाले आज लोकतंत्र व संविधान को बचाने की बात कर रहे हैं।कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मितल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा भी मौजूद रही।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना को अमलीजामा पहनाने की पूरी तैयारी कर ली है। इस योजना के तहत इसी साल महिलाओं के खातों में 2100 रुपए की राशि जमा करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कल शाम गांव बण, बहलोलपुर व गांव जालखेडी में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों से कहा कि योजना के लिए बजट में 5 हजार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान भी कर लिया है।उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में तेज गति के साथ विकास कार्य कर रही है और हर व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश सरकार 7500 पदों पर युवाओं को नौकरी का

परिणाम घोषित करेगी और इसके अलावा सभी विभागों में खाली पदों का विज्ञापन जारी करके युवाओं को नौकरी देने की भी योजना बनाई जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिहोवा से यमुनानगर तक चार मार्गीय सड़क परियोजना को जल्द अमलीजामा पहनाया जाएगा और गांव बहलोलपुर में 65 लाख रुपए की राशि से विकास कार्य जल्द ही शुरू कर दिए जाएंगे।

**************************************************************************

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड- सी बी एस ई ने अगले वर्ष से दसवीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार कराने की घोषणा की है। नई रूपरेखा के अनुसार पहली परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। दूसरी परीक्षा मई में होगी जो उन विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, समाज विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषय में अपना प्रदर्शन सुधारने की अनुमति होगी। दोनों चरणों के परीक्षा परिणाम क्रमश: अप्रैल और जून में घोषित होंगे।केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसे जरूरी कदम बताते हुए इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की अनुशंसाओं में प्रमुख था।

**************************************************************************

रोहतक जिले में एक जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान बैंक खातों से वंचित व्यक्तियों के जीरो बैलेंस खाते खोले जाएंगे। इसके लिए गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।रोहतक के अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया की अभियान के दौरान बैंक खाता खुलवाने से वंचित रहे सभी व्यक्तियों के जीरो बैलेंस बैंक खाते खुलवाने के निर्देश दिए गए है ताकि वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता हो और जनकल्याणकारी योजनाओं व सरकारी सुविधाओं का लाभार्थियों तक सीधा लाभ पहुंच सके। उन्होंने बताया की बैंक कर्मचारीयों को इस अभियान के दौरान बैंक खाते खुलवाने के लिए शिविरों में आने वाले लोगों के साथ अच्छा और सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार रखने को कहा गया है।

**********************************************************************

पलवल जिले में विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। टीकाकरण अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इस विशेष टीकाकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के ऐसे सभी बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करना है, जो किसी कारणवश,अब तक टीके से वंचित रह गए हैं।